राजस्थान सरकार

आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालय

राजस्थान का थोक मूल्य सूचकांक माह दिसम्बर, 2024 पर आधारित प्रेस विज्ञप्ति

आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग द्वारा राज्य स्तरीय थोक मूल्य सूचकांक आधार वर्ष **1999-2000** पर प्रतिमाह जारी किया जाता हैं | **राज्य का माह दिसम्बर**, 2024 **का सामान्य (सभी वस्तुओं का) थोक मूल्य सूचकांक** 399.05 **(प्रावधानिक) अंक रहा। सूचकांक में गत माह नवम्बर**, 2024 **के सूचकांक** 401.32 **की तुलना में** (-)0.57 **प्रतिशत की कमी दर्ज की गई। राज्य के मासिक सामान्य थोक मूल्य सूचकांक पर आधारित मुद्रास्फीति दिसम्बर**, 2024 **में** 2.23 **प्रतिशत (दिसम्बर** 2023 **की तुलना में) रही हैं | माह दिसम्बर**, 2024 **में प्राथमिक वस्तु समूह सूचकांक** 450.56 **एवं ईंधन, शक्ति, प्रकाश व उपस्नेहक समूह सूचकांक** 568.11 **तथा विनिर्मित उत्पाद समूह सूचकांक** 308.92 **अंक रहा हैं** | राज्य के थोक मूल्य सूचकांक के अंतर्गत **1.** प्राथमिक वस्तु समूह, **2.** ईंधन, शक्ति, प्रकाश व उपस्नेहक समूह एवं **3.** विनिर्मित उत्पाद समूह सूचकांक में परिवर्तन/विचलन की स्थिति निम्नानुसार हैं -

1. **प्राथमिक वस्तु समूह (भार** 33.894%): माह दिसम्बर, 2024 में प्राथमिक वस्तु समूह का सूचकांक **450.56** रहा जिसमें गत माह के सूचकांक से **(-)1.56** प्रतिशत की कमी देखी गई | प्राथमिक वस्तु समूह के सूचकांक में कमी का मुख्य कारण इसके अंतर्गत कृषि उप समूह सूचकांक में **(-)1.86** प्रतिशत कमी रही जबकि खनिज उप समूह सूचकांक में **0.52** प्रतिशत वृद्धि पाई गई | कृषि मद समूह के खाद्य पदार्थ उप समूह एवं अखाद्य पदार्थ उप समूह सूचकांक में **(-)0.59** प्रतिशत एवं **(-)4.49** प्रतिशत की कमी दर्ज की गई। आलोच्य माह के प्राथमिक वस्तु समूह में कृषि मद समूह के सूचकांक के अन्तर्गत दालों में **(-)0.40** प्रतिशत, सब्जियों में **(-)24.26** प्रतिशत, रेशा में **(-)4.23** प्रतिशत, तिलहन में **(-)4.75** प्रतिशत एवं अन्य अखाद्य पदार्थ में **(-)3.41** प्रतिशत की कमी दर्ज की गई। खनिज उप समूह सूचकांक के अंतर्गत आलोच्य माह में 0.52 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई जिसमें मुख्यतः चांदी में **20.28** प्रतिशत एवं चुना पत्थर **0.03** प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। प्राथमिक वस्तु समूह सूचकांक में वर्ष दर वर्ष मुद्रास्फीति की दर (दिसम्बर, **2023** की तुलना दिसम्बर, **2024** में) **5.96** प्रतिशत दर्ज की गई हैं |
2. **ईंधन, शक्ति, प्रकाश एवं उपस्नेहक समूह (भार** 16.253%): माह दिसम्बर, **2024** के दौरान इस समूह का सूचकांक **568.11** रहा, जिसमें गत माह की तुलना में कोई परिवर्तन नहीं पाया गया | ईंधन, शक्ति, प्रकाश एवं उपस्नेहक समूह सूचकांक की वर्ष दर वर्ष मुद्रास्फीति दर (दिसम्बर, **2023** की तुलना दिसम्बर, **2024** में) **(-)2.28** प्रतिशत दर्ज की गई |
3. **विनिर्मित उत्पाद समूह (भार** 49.853%): विनिर्मित उत्पाद समूह का सूचकांक माह दिसम्बर, **2024** में **308.92** अंक रहा, जिसमें गत माह की तुलना में **0.10** प्रतिशत की वृद्धि पाई गई | समीक्षाधीन अवधि के दौरान खाद्य उत्पाद उप समूह के सूचकांक में **0.99** प्रतिशत, बुनियादी कीमती और अलौह धातुएँ उप समूह के सूचकांक में 0.03 प्रतिशत एवं सामान्य प्रयोजन मशीनरी उप समूह में **0.01** प्रतिशत की वृद्धि जबकि केमिकल उप समूह सूचकांक में **(-)1.41** प्रतिशत की कमी पाई | विनिर्मित उत्पाद समूह सूचकांक की वर्ष दर वर्ष मुद्रास्फीति की दर (दिसम्बर, **2023** की तुलना दिसम्बर, **2024** में) **1.49** प्रतिशत दर्ज की गई |

थोक मूल्य सूचकांक दिसम्बर, **2024** आधार वर्ष **(1999-2000=100) -** तालिका

क्र.सं.	समूह / उप समूह	समूहवार भारांकन	राजस्थान का थोक भाव सूचकांक			प्रतिशत विचलन दिसम्बर, 2024 में	
			दिसम्बर *, 2024	नवम्बर, 2024	दिसम्बर, 2023	नवम्बर, 2024	दिसम्बर, 2023
1	2	3	4	5	6	7	8
I	प्राथमिक वस्तु समूह	33.894	450.56	457.69	425.21	-1.56	5.96
	(अ) कृषि वस्तुओं के उप समूह	29.933	445.31	453.73	417.68	-1.86	6.62
	(ब) खनिज उप समूह	3.961	490.17	487.64	482.13	0.52	1.67
II	ईंधन शक्ति, प्रकाश एवं उपस्नेहक समूह	16.253	568.11	568.11	581.38	0.00	-2.28
III	विनिर्मित उत्पाद समूह	49.853	308.92	308.62	304.39	0.10	1.49
	सामान्य सूचकांक	**100.00**	**399.05**	**401.32**	**390.36**	**-0.57**	**2.23**

*प्रावधानिक

RajKaj Ref No.: 13188921